भारतीय मानक ब्यूरो

(हिन्दी विभाग)

दि. 06.09.2022

संदर्भ : हिंदी/पखवाड़ा/2022

**विषय : हिंदी पखवाड़ा 2022 के लिए प्रविष्टियों का आमंत्रण**

भारतीय मानक ब्यूरो मुख्यालय में वर्ष 2022 का हिंदी पखवाडा 16 सितम्बर 2022 से 29 सितम्बर 2022 तक आयोजित किया जाएगा । पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी :

| प्रतियोगिता का नाम | समय | स्थान |
|---|---|---|
| **i) हिंदी स्लोगन** | **16.09.2022 को 1100 बजे** | **ऑडिटोरियम** |
| **ii) राजभाषा ज्ञान व नोट लेखन प्रतियोगिता** | **16.09.2022 को 1500 बजे** | **ऑडिटोरियम** |
| **iii) हिंदी मुहावरे/लोकोक्ति, शब्द ज्ञान एवं गीत अंताक्षरी प्रतियोगिता** | **19.09.2022 को 1100 बजे** | **ऑडिटोरियम** |
| **iv) अनुच्छेद लेखन एवं हिंदी सामान्य ज्ञान (Paragraph writing) (केवल दक्षिण एवं पूर्वोत्तर भाषायी कर्मचारियों के लिए)** | **19.09.2022 को 1500 बजे** | **ऑडिटोरियम** |
| **v) वाद-विवाद** | **21.09.2022 को 1100 बजे** | **लाल.सी.वर्मन** |
| **vi) हिंदी वर्ग शब्द ज्ञान पहेली** | **22.09.2022 को 1100 बजे** | **लाल.सी.वर्मन** |
| **vii) हिंदी टिप्पण एवं आलेखन नकद पुरस्कार योजना** | - | - |
| **viii) राजभाषा शील्ड** | **22.09.2022 को** | **संबंधित विभाग में/ निर्धारित वैन्यू पर (विभागीय प्रतियोगिता)** |

क्रम सं. 4 पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय होगा - **'राजनीतिक दलों द्वारा जनता को दी जाने वाली मुफ्त की सुविधाएं (Freebies) उचित या अनुचित'**

प्रतियोगिता के नियम व पुरस्कार राशि का विवरण संलग्न है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा विभागों से निवेदन है कि वह अपनी प्रविष्टि **दिनांक 15 सितंबर 2022 तक हिंदी विभाग को दे दें।**

(विनोद कालरा)

प्रमुख (हिन्दी)

मुख्यालय के सभी विभागों को परिचालित

# <u>हिंदी पखवाड़ा, 2022 की प्रतियोगिताओं के नियम</u>

1. **<u>राजभाषा ज्ञान व नोट लेखन प्रतियोगिता</u>**--इस प्रतियोगिता में कार्यालयीन पत्र आदि बनाना, हिंदी से अंग्रेजी और इसके विपरीत शब्दों, वाक्यांशों अथवा अनुच्छेद का अनुवाद और राजभाषा नियम व अधिनियमों का ज्ञान शामिल हो सकता हैं । इस प्रतियोगिता में ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव दोनों प्रारूप होंगे। **यह प्रतियोगिता एक घंटे की होगी ।**

2. **<u>हिंदी स्लोगन प्रतियोगिता</u> -** इस प्रतियोगिता में परीक्षा स्थल पर ही एक अथवा दो विषय दिए जाएंगे जिस पर प्रतियोगी एक या दोनों विषयों पर स्लोगन लिख सकता है, किंतु मूल्यांकन के लिए एक ही सर्वोत्तम स्लोगन पर विचार किया जाएगा। **यह प्रतियोगिता आधे घंटे की होगी ।**

3. **<u>हिंदी मुहावरे/लोकोक्ति एवं फिल्मी गीत अंताक्षरी प्रतियोगिता</u>** - (i) यह टीम प्रतियोगिता होगी। तथापि प्रतिभागियों की संख्या कम होने पर इसका आयोजन व्यक्तिगत स्पर्धा के रूप में भी किया जा सकता है।
   **(ii)** इस प्रतियोगिता में तीन राउंड होंगे जो की हिंदी मुहावरे/लोकोक्ति, फिल्मी गीत तथा शब्दों पर आधारित होंगे।
   **(iii)** प्रतिभागी विभागीय स्तर पर अथवा दूसरे विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर टीम बना सकते हैं। लेकिन यह प्रतियोगिता विभागीय स्तर की नहीं होगी।

4. **<u>हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता</u>**-- इस प्रतियोगिता में एक पूर्व घोषित विषय दिया जाएगा जिसके पक्ष अथवा विपक्ष में वक्ता **पाँच मिनट तक** बोल सकते हैं । विषय, भाषा, शैली, अभिव्यंजना, तथ्यों के प्रस्तुतीकरण को महत्व दिया जाएगा ।

5. **<u>अनुच्छेद लेखन एवं सामान्य हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता (Paragraph Writing)</u> -** यह प्रतियोगिता केवल दक्षिण एवं पूर्वोत्तर भाषायी कर्मचारियों के लिए है। इस प्रतियोगिता में तीन विषय दिए जाएंगे। विषयों की सूचना प्रतियोगिता स्थल पर दी जाएगी तथा सामान्य हिंदी ज्ञान के objective प्रश्न होंगे। इसमें से प्रतियोगी को किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखना होगा। यह प्रतियोगिता **एक घंटे** की होगी।

6. **<u>हिंदी वर्ग पहेली</u>** - इस प्रतियोगिता की अवधि **30-45 मिनट** होगी। वर्ग पहेली हिंदी भाषा ज्ञान से संबंधित होगी।

7. **<u>हिंदी टिप्पण एवं आलेखन की नकद पुरस्कार योजना 2021-22</u>** -- ब्यूरो मुख्यालय के जिन अधिकारियों/कर्मचारियों ने **वर्ष 2021-22 (1 सितंबर 2021 से 31 अगस्त 2022)** के दौरान हिंदी टिप्पण एवं आलेखन का मूल कार्य हिंदी में किया हो, वे अपनी प्रविष्टियाँ निम्नलिखित सूचनाएँ देते हुए भेजें:
   क) अधिकारी/कर्मचारी द्वारा वर्ष के दौरान हाथ से लिखे हिंदी **काम के 5 सर्वोत्तम नमूने**
   ख) कर्मचारी/अधिकारी की मातृभाषा
   ग) वर्ष के दौरान लिखे गए हिंदी शब्दों की संख्या
   घ) इस योजना में संलग्न प्रोफार्मा में उच्च अधिकारी द्वारा सत्यापित हिंदी काम का प्रति माह का विवरण देना अनिवार्य है।

**इस योजना में भाग लेने के लिए प्रोफार्मा अनबंध-I पर संलग्न है।**

8. **<u>राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता</u>**-यह प्रतियोगिता विभागीय स्तर की होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक विभाग अपना प्रविष्टि निर्धारित प्रोफार्मा में विभाग प्रमुख के माध्यम से भेजें । प्रोफार्मा में ऑकड़े भरने से पूर्व उनकी प्रमाणिकता यथास्थिति सुनिश्चित कर लें। इस प्रतियोगिता का प्रोफार्मा अनुबंध III पर दिया गया है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतियोगी विभाग द्वारा हिंदी में किए गए कार्य का निरीक्षण निर्णायकों द्वारा विभाग में ही किया जाएगा।

# पुरस्कार राशि का विवरण

1. हिंदी टिप्पण आलेखन प्रोत्साहन योजना के अलावा सभी प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि निम्नानुसार है :

| प्रथम | द्वितीय | तृतीय | प्रोत्साहन |
|---|---|---|---|
| 1500.00 रू. | 1200.00 रू. | 1000.00 रू. | 800 रू. |

2. हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रोत्साहन योजना और राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि निम्नानुसार है :

| हिंदी टिप्पण एवं आलेखन योजना | | |
|---|---|---|
| प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
| दो पुरस्कार रु. 5000/- प्रत्येक | 3 पुरस्कार रु. 3000/- प्रत्येक | 5 पुरस्कार रु. 2000/- प्रत्येक |

| राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथम | द्वितीय | तृतीय | प्रोत्साहन |
| रु. 3000/- | रु. 2500/- | रु. 2000/- | रु. 1500/- |

<u>नोट-</u>

1) मुख्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी सभी वैयक्तिक प्रतियोगिताओं **(प्रतियोगिता सं.1 से 7)** में भाग ले सकते हैं। जबकि, **प्रतियोगिता सं.8** विभागीय स्तर की है और इसमें मुख्यालय के विभाग भाग ले सकते हैं।

2) सभी प्रतियोगिताएँ निर्धारित समय पर आरंभ होंगी । इसलिए सभी प्रतियोगियों से अनुरोध है कि वे प्रतियोगिता स्थल पर प्रतियोगिता के नियत समय से 10 मिनट पूर्व पहुँच कर आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी करना सुनिश्चित करें।

3) सभी प्रतियोगिताओं के परिणामों में निर्णायक/निर्णायकों का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

**प्रोफार्मा**

## अनुबंध-I

## (हिंदी टिप्पण-आलेखन प्रोत्साहन योजना)

श्री/श्रीमती/कुमारी ..................................................पदनाम...............................द्वारा वर्ष **01.09.2021 से 31.08.2022** के दौरान हिंदी में किए गए हिंदी टिप्पण एवं आलेखन (Noting and Drafting) आदि का विवरण ।

**अधिकारी/कर्मचारी की मातृभाषा :**

| क्रम सं. (1) | माह (2) | फाइलों, रजिस्टरों आदि की संख्या व शीर्षक संख्या जिनमें हिंदी में काम किया गया (3) | हिंदी में लिखे गए टिप्पण एवं आलेखन के शब्दों की संख्या (4) | अन्य कार्य (5) | | प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर (6) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ब्यौरा | शब्दों की संख्या | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| नोट : कुल शब्दों की संख्या (कॉलम 4+5 का योग) | | | | | | |

अनुबंध ॥

## राजभाषा शील्ड एवं ट्राफी के लिए निरीक्षण प्रपत्र (वर्ष 2022)

**टिप्पणी: पत्राचार आदि के व अन्य ऑकड़े 01.09.2021 से 31.08.2022 तक की अवधि के दिए जाएँ**

1. विभाग का नाम
2. क्या विभाग धारा 8(4) में अधिसूचित है
3. विभाग में नोडल अधिकारी का नाम और पद नाम :
4. धारा3(3) के अन्तर्गत जारी दस्तावेज :

| | कुल | अंग्रेजी में | हिन्दी में/द्विभाषी | द्विभाषी दस्तावेजों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| क) सामान्य आदेश (General Orders) | | | | |
| ख) ज्ञापन (Memorendum ) **(छुट्टी के मीमो सहित)** | | | | |
| ग) संकल्प, अधिसूचनाएं, करार, संविदा तथा टेंडर नोटिस आदि: | | | | |
| घ) अन्य | | | | |

4. हिन्दी में प्राप्त पत्रों की स्थिति

क) हिन्दी में प्राप्त पत्र

ख) हिन्दी में उत्तर दिया

ग) अंग्रेजी में उत्तर दिया

घ) उत्तर देना अपेक्षित नहीं था

ड.) क्या पावती भेजी गई

5. <u>कार्यालय से बाहर जाने वाले मूल पत्र</u> **(01.09.2021 से 31.08.2022)**

| | कुल पत्र | हिन्दी/द्विभाषी में | हिन्दी /द्विभाषी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| क) 'क' 'ख' क्षेत्र के कार्यालयों/ व्यक्तियों को (ई-मेल, फैक्स सहित) | | | |

6. रबड़ की मुहरें :

क) कुल संख्या

ख) द्विभाषी/हिन्दी

ग) द्विभाषी/हिन्दी मुहरों का प्रतिशत

7. रजिस्टर:

क) रजिस्टरों की कुल संख्या-

ख) इनमें से कितनों के शीर्षक (Titles) केवल अंग्रेजी में हैं-

ग) इनमें से कितनों के शीर्षक हिन्दी/द्विभाषी हैं-

घ) कितने रजिस्टरों में प्रविष्टियाँ हिन्दी में की जाती हैं-

ड) उपस्थिति रजिस्टर में नाम प्रविष्टियां आदि-

8. हिंदी भाषा में अप्रशिक्षित अधिकारियों व कर्मचारियों की संख्या

9. फार्म

क) विभाग में प्रयुक्त कुल फार्मों की संख्या-

ख) द्विभाषी/हिन्दी फार्मों की संख्या हिन्दी

ग) हिन्दी में भरे जाने वाले फार्मों की संख्या-

10. टाइपिस्ट(एलडीसी एवं यूडीसी) व आशुलिपिक-

क) कुल **टाइपिस्ट:** **आशुलिपिक:**

ख) हिन्दी में प्रशिक्षित

ग) इनमें से कितनों से हिन्दी में काम लिया जाता है

घ) प्रशिक्षणाधीन

ड) अप्रशिक्षित टंककों और आशुलिपिकों की संख्या-

11. क्या हिन्दी पत्राचार के लिए जारी किए गए रजिस्टरों का रख-रखाव किया जा रहा है:

12. हिन्दी में प्राप्त आदेशों की फाइल रखी जा रही है अथवा नहीं

13. **01.09.2021 से 31.08.2022** तक तिमाही रिपोर्टें भेजने की तारीखे:

14. फाइलों में टिप्पणियां आदि कितने प्रतिशत हिन्दी में लिखी जाती हैं: (ब्यौरा भी तैयार रखें)

15. विभाग/अनुभाग के कितने अधिकारियों/कर्मचारियों ने 2021-2022 के दौरान हिंदी की प्रोत्साहन योजनाओं में भाग लिया:

16. विभाग/अनुभाग के कितने अधिकारी/कर्मचारी वर्तमान हिन्दी पखवाड़े की प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं:

17. विभाग/अनुभाग के कितने कर्मचारी हिन्दी सोफ्टवेयर पर काम करने के लिए प्रशिक्षित हैं:

18. कम्प्यूटरों पर कितने प्रतशित कार्य हिन्दी में किया जाता है:

19. अन्य

(हिन्दी में किया गया विशिष्ट कार्य, जिसका विभाग विवरण देना चाहे जैसे हिन्दी में मानक निर्धारण रजिस्टरों में प्रविष्टियां, हिंदी पत्राचार के लिए रजिस्टर के रख-रखाव, बैनर, प्रचार सामग्री हिंदी में बनाना आदि):

(विभाग प्रमुख के हस्ताक्षर)